>

Title: Need to develop places of historical importance as tourist places in Gadchiroli Chimur district of Maharashtra.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमुर की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं, जो कि शायद देश का सबसे बड़ा घना, आदिवासी बहुल, नक्सल प्रभावित और अविकसित क्षेत्र है । मेरे संसदीय क्षेत्र में बड़ी मात्रा में जल सम्पदा, वन सम्पदा, खनिज सम्पदा है । इनके अलावा यहां धार्मिक स्थल भी हैं जैसे मार्कण्डेय महादेव मंदिर, चपरला मंदिर, कालेश्वर मंदिर, बैरागढ़ शारदा माता पीठ, अर्कतुंडी, कचारगढ़, रामदेगी और गायमुख आदि स्थल हैं । इन स्थलों को ऐतिहासिक स्थल घोषित करके यदि पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए तो इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार को बढ़ावा मिलेगा । इस क्षेत्र में बेरोजगारी की वजह से नौजवान गलत राह पर जा रहे हैं । पर्यटन को बढ़ावा देने से नौजवानों को रोजगार भी मिलेगा और वे राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा में जुड़ जाएंगे । देश के लाडले पंतप्रधान आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी का जो सपना है, वह भी पूरा हो जाएगा ।